तापमान



| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.4° | 6.8° |
| इंदौर | 27.4° | 13.2° |
| जबलपुर | 25.7° | 7.5° |
| ग्वालियर | 25.4° | 6.2° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 61,पृष्ठ 12)
बुधवार 29 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... डॉ. यादव से टोक्यो गवर्नर की मुलाकात, टोयोटा...

खेल... आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुनी गईं...

व्यापार... टियर 2 और टियर 3 बाजारों में 24 मिलियन नए...

देश-विदेश... माइक्रोसॉफ्ट कर सकती है टिकटॉक का...

www.naiduniaonline.com

## खास-खबरें

### सौरभ शर्मा और चेतन गौर चार फरवरी तक रिमांड पर भोपाल

**भोपाल( काप्र )।** लोकायुक्त पुलिस ने 41 दिन बाद काली कमाई के कुबेर सौरभ शर्मा को गिरफ्तार किया। सोमवार को सौरभ के वकील राकेश परासर ने कोर्ट में उसके सरेंडर का आवेदन दिया था, जिसमें दावा किया गया कि सौरभ उनके साथ मौजूद था। कोर्ट ने मंगलवार को 11 बजे का समय तय किया था। कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचने से पहले ही लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ को कोर्ट के गेट से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे सीधे लोकायुक्त कार्यालय ले जाया गया। जहां पूछताछ के दौरान सौरभ के सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल भी लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया। सौरभ से पांच घंटे तक पूछताछ की गई, फिर सौरभ और चेतन सिंह गोर को लोकायुक्त की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ की सात दिन की रिमांड की मांग, जिसका सौरभ के वकील ने विरोध किया। दो घंटे की सुनवाई के बाद जज राम प्रताप मिश्र ने सौरभ और चेतन सिंह को चार फरवरी तक की रिमांड पर लोकायुक्त पुलिस को सौंप दिया।

### आतिशी के खिलाफ मानहानि केस खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मुख्यमंत्री आतिशी को बड़ी राहत मिली है. दिल्ली की अदालत ने आम आदमी सरकार की मुखिया आतिशी के खिलाफ भाजपा नेता की ओर से दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी है। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को मानहानि मामले में आतिशी को जारी समन को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि आप नेता की टिप्पणी समग्र रूप से विपक्षी पार्टी के खिलाफ थी।

# भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास पथ की ओर अग्रसरः मोदी

**भुवनेश्वर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऐस्परेशन ऑफ इंडिया (भारत की आकांक्षा) दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया गया है, जिससे देश को फायदा हुआ है।**



प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने राज्य को उत्कृष्ट और नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक बताया। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है।प्रधानमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके निवेश से अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है। यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 ने पिछले संस्करणों की तुलना में पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। श्री मोदी ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए ओडिशा के लोगों और सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा, पूर्वी भारत देश की प्रगति में एक विकास इंजन है और ओडिशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक डेटा पूर्वी भारत के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है, जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र की अतीत की प्रमुखता का उल्लेख किया, जिसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह और व्यापार केंद्र शामिल हैं, और इस विकास में ओडिशा की ऐतिहासिक भागीदारी की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा दक्षिण-पूर्व एशियाई व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था, जिसके बंदरगाह भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते थे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की हाल की यात्रा को याद करते हुए श्री मोदी ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब 21वीं सदी में अपनी शानदार विरासत को पुनर्जीवित कर रहा है। उन्होंने राज्य के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में आसियान देशों की रुचि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर देखने को मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति ने भी हाल ही में ओडिशा का दौरा किया और सहयोग के लिए राज्य की क्षमता को लेकर अपना उत्साह जताया।

प्रधानमंत्री ने गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान ओडिशा के लोगों के कौशल, कड़ी मेहनत और ईमानदारी को देखने के अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यहां उभर रहे नए अवसर राज्य को विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 5,000 अरब डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था का मील का पत्थर भारत की पहुंच के भीतर है।

# भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा हैः डॉ. यादव

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व बन्धुत्व की भावना के साथ नई वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। जापान ऐतिहासिक रूप में गौतम बुद्ध की परंपरा से जुड़ा है और भारत गौतम बुद्ध की धरती है। भारत और जापान का सदियों से परस्पर संबंध रहा है।**





मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता का नया अध्याय शुरू करेगी यह यात्रा

प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक जापान का समृद्ध इतिहास रहा है। विनाशकारी भूकंपों और प्राकृतिक आपदाओं से उबरने में जापान द्वारा दिखाई गई उद्यमशीलता को नमन करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि इस जीवटता से जापान ने विश्व में विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री जापान स्थित भारतीय दूतावास में आयोजित शो इंटरैक्टिव सेशन ऑन इनवेस्टमेंट अपोंचुनिटीज इन मध्यप्रदेश के अवसर पर उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता में एक नये अध्याय की शुरुआत होगी। डॉ. यादव ने कहा कि जापान अपनी विशिष्ट जीवन शैली और औद्योगिक शैली के आधार पर आर्थिक संपन्नता में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाला देश है। प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि जापान से मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध भी जुड़े हैं। वर्ष 2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया, इनमें एल्युमिनियम से बनी वस्तुएं, कार्बनिक रसायन, परमाणु रिएक्टर्स, बॉयलर्स, यांत्रिक उपकरण, फार्मास्युटिकल उत्पाद सहित अन्य मशीनरी शामिल हैं। जापान में मैन्युफैक्चरिंग और अन्य क्षेत्रों से जुड़े उद्योग भी हैं। डॉ. यादव ने जापान के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज का व्यवसायिक घरानों से जोड़ने के लिये निभाई गई महती भूमिका के लिये आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूड पार्क्स, आईटी पार्क्स, प्लास्टिक पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, सोलर इक्विपमेंट पार्क, फूट वियर पार्क, ईवी पार्क, टेक्सटाईल पार्क, गारमेंट पार्क, प्लग एंड प्ले जोन, सेमीकंडक्टर पार्क आदि क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में समान रूप से संभावना बनी है। राज्य सरकार की गारमेंट, लॉजेस्टिक्स, ईवी, खाद्य प्रसंस्करण, इथेनॉल, आईटी, फार्मा, मेडिकल डिवाइसेस इत्यादि सेक्टर्स पर केन्द्रित विशेष नीतियाँ निवेशकों को आकर्षित कर (शेष पेज 2 पर)

# खड़गे ने गरीबों का क्या भला किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज चुनावी सभा को संबोधित किया।**



इस दौरान शाह ने कहा कि दिल्ली को आप-दा के कुशासन व भ्रष्टाचार के अंधकार से निकालने का एकमात्र विकल्प 'भाजपा' है। कालकाजी विधानसभा में भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। शाह ने कहा कि 5 तारीख को दिल्लीवालों के लिए केजरीवाल की आप-दा से मुक्त होने का बहुत बड़ा मौका है। 5 फरवरी को कमल का बटन दबाइए और केजरीवाल की आप-दा से हमेशा के लिए मुक्ति पाइए। केजरीवाल की सरकार झूठ, फरेब, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की सरकार है।

अमित शाह ने कहा कि कल केजरीवाल ने जलबोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर एक बयान दिया कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आता है, उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिलाया है। जबकि जलबोर्ड वालों ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। केजरीवाल जी, आपके पास जलबोर्ड की जो रिपोर्ट है, उसे कल सार्वजनिक कीजिए, हम (शेष पेज 2 पर)

## 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सेशन, राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हो जाएगी। लोकसभा ने (शेष पेज 2 पर)

## श्रीलंका की नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर बरसा दी गोलियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेल्फ़्ट द्वीप के निकट श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उन पर की गई गोलीबारी में पाँच भारतीय मछुआरे घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। इस घटना पर भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कार्रवाई को अस्वीकार्य बताते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह तड़के डेल्फ़्ट द्वीप के निकट 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। मछली पकड़ने वाली नौका पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं और वर्तमान में उनका जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# केजरीवाल शीश महल में रहते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अपनी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पार्टी के लिए प्रचार किया। वेस्ट विनोद नगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। राहुल ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा था कि वो साफ-सुथरी राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल शीश महल में रहते हैं। तो ये है सच्चाई। भाजपा पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ भाजपा-आरएसएस के लोग हैं, जो देश में नफरत और (शेष पेज 2 पर)



**स्पेशल खबर** *प्रमुख के बायन के खिलाफ ईसी पहुंची बीजेपी, कहा...*

# केजरीवाल को चुनाव प्रचार से रोका जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली चुनाव के बीच यमुना जल मुद्दे को लेकर सियासत तेज है। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने आज चुनाव आयोग से मुलाकात की है।**



मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की चुनावी राजनीति में बीजेपी लगातार जीत की ओर बढ़ रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता इसे लेकर बहुत चिंतित हैं और वे लोगों के मन में अराजकता और अनावश्यक भय पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे एक नये निचले स्तर पर गिर गये हैं। यह एमसीसी और चुनाव प्रथाओं का स्पष्ट उल्लंघन है। भाजपा नेता ने कहा कि हमने अरविंद केजरीवाल के भाषण का वह हिस्सा प्रस्तुत किया है जहां उन्होंने हरियाणा पर दिल्ली को आपूर्ति किए जा रहे पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपने भाषण में जिन द्वेषपूर्ण, विनाशकारी और अलगाववादी शब्दों का इस्तेमाल किया, वे एमसीसी का स्पष्ट उल्लंघन हैं। भूपेन्द्र यादव ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने हमारी चिंताओं का संज्ञान लिया है। हमने चुनाव आयोग से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया (शेष पेज 2 पर)

